उत्तर: ईमानदारों के सम्मेलन में लेखक की चप्पलें, चादरें धूप का चश्मा, कम्बल - इस तरह उनको सारी चीजें चुरा ली गयीं । कमरे का ताला तक चोरी हो गया । लेखक ने सोचा कि यदि बे वहीं रूकेंगे तो उन्हें भी चुरा लिया जायेगा । इसलिए लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया ।

**6. “ईमानदारों के सम्मेलन ' पाठ में / मुख्य अतिथि की बेईमानी कहाँ दिखाई देती है ? -Mar -15**
उत्तर :मुख्य अतिथि को उद्घाटन में उपस्थित होने के लिए पहले दर्जे का किराया, आवास और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। वे दूसरे दर्जे से जाकर पहले दर्जे का किराया लेना चाहते थे। इससे मुख्य अतिथि की बेईमानी दिखाई देती है।

**7. मंत्री जी को लेखक परसाई जी ने क्या समझाया ? June _2015**
उत्तर :लेखक ने समझाया -- पुलिस को बुलाकर तलाशी लेने का काम हरगिज न करें । ईमानदारों के सम्मेलन में यह बड़ी अशोभनीय बात होगी । इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी तो होगी ही ।

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।_ March 2022**
उत्तर: * दूसरे दिन लेखक बैठक में जाने के लिए धूप का चश्मा खोजने लगे, तो वह नहीं मिला । लेखक ने एक-दो लोगों से कहा, तो बात फैल गयी । लेखक बिना धूप का चश्मा लगाये बैठक में पहुँचे । बैठक में पंद्रह मिनट चाय की छुट्टी हुई । एक सज्जन लेखक के पास आकर सहानुभूति प्रकट करने लगे ।
लेखक ने देखा कि सज्जन ने जो चश्मा पहना था वह उन्हीं का था।

**2. मंत्री तथा कार्यकर्ताओं के बीच क्या वार्तालाप हुआ ?**
उत्तर :मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटते हुए कहते हैं “तुम लोग क्या करते हो? तुम्हारी ड्यूटी यहाँ पर है। तुम्हारे रहते चोरियाँ हो रही है। यह ईमानदारों का सम्मेलन है। बाहर यह चोरी की बात फैली तो कितनी बदनामी होगी।’’कार्यकर्ताओं ने कहा,“हम क्या करें? अगर सम्माननीय डेलीगेट यहाँ-वहाँ जाए, तो हम उन्हें रोक सकते हैं?’’ मंत्री ने गुस्से में कहा, “मैं पुलिस को बुलाकर यहाँ सबकी तलाशी करवाता हूँ।” एक कार्यकर्ता ने कहा “तलाशी किनकी करवाएँगे ? आधे के लगभग डेलीगेट किराया लेकर चले गये।” इस प्रकार मंत्री तथा कार्यकर्ताओं के बीच में वार्तालाप हुआ ।

**3. सम्मेलन में लेखक को क्या-क्या अनुभव हुए ? संक्षेप में लिखिए ।**
उत्तर :लेखक को ईमानदारों के सम्मेलन का मुख्य अतिथि अनाया गया था। उद्घाटन और भाषण आदि के बाद वे जब अपना चप्पल पहनने गये तो वहाँ नहीं था। उसकी जगह फटी-पुरानी चप्पल वहाँ था। वहाँ आए एक सज्जन उनकी चप्पलें पहन रखी थी। दूसरे दिन बैठक में जाने के लिए अपना धूप का चश्मा ढूँढते वह भी गायब। चश्मा भी दूसरे सज्जन के पास था।तीसरे दिन कमरे में कंबल गायब हो गया था। अंत में कमरे का ताला तक गायब हो गया था। इस तरह सम्मेलन में लेखक का अनुभव कडवा ही था।

**IV.रिक्त स्थान भरिए :**

1. हम लोग इस शहर में एक **ईमानदारों** का सम्मेलन कर रहे हैं।
2. आपकी चप्पलें नहीं गयीं, यह **गनीमत** है।
3. वह मेरा चश्मा लगाये **इतमीनान** से बैठे थे।
4. फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी **गड़बड़ी** होगी ही।

| **अनुरूपता प्रश्न** |
|---|
| **9,ईमानदारों के सम्मेलन** |
| 1.पहला दिन : चप्पलें :: दूसरे दिन : **धूप का चश्मा और दो चादरें** |
| 2. तीसरे दिन : कम्बल गायब था :: चौथे दिन : **ताला** |
| 3. रिक्शा : तीन पहियों का वाहन :: साइकिल: **दो पहियों का वाहन** |
| गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : **व्यंग्य रचना** **_JUNE_2016 , JUNE_ 2018** |
| रेखाचित्र : गिल्लू : : व्यंग्य रचना : **ईमानदारों के सम्मेलन में** **-March 2024** |

## 10. दुनिया में पहला मकान_ डा . विजया गुप्ता

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?/ कहाँ के निवासी थे _ March_2018 , June _ 2023**

उत्तर : सिंगफो आदिवासी पूर्वोत्तर भारत में रहते थे।

**2. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?**

उत्तर : सबसे पहले आदमी को मकान बनाना बहुत-से पशुओं ने सिखाया।

**3. मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े ?**

उत्तर : मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त जंगल की ओर चल पड़े।

**4. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?**

उत्तर : दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले हाथी से हुई।

**5. दोस्तों ने क्या-क्या तय किया ? _ June_2019**

उत्तर : दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे।

**6. हाथी से उत्तर पाकर दोस्त किससे मिले ?**

उत्तर : हाथी से उत्तर पाकर दोस्त साँप से मिले।

**7. सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने क्या किया ?**

उत्तर : सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने एक मकान बना लिया।

**8. दोनों दोस्त जानवरों से मिलने क्यों गये ?_ June 2018**

उत्तर : दोनों दोस्त जानवरों से मकान बनाने की जानकारी पाने के लिए गये।

**9. लालिम और किंचा जंगल की ओर क्यों चल पड़े ? _ MARCH_2019 , March 2024**

उत्तर : लालिम और किंचा जानवरों से मकान बनाने की जानकारी पाने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।

**10. हाथी ने दोस्तों को क्या उत्तर दिया ?**

**साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?**

**हाथी और सॉप ने दोनों दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?- JUNE 2018**

उत्तर : * हाथी ने दोस्तों को उत्तर दिया कि, पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो,जितने मेरे पैर हैं।

* साँप ने दोस्तों को सुझाव दिया कि,"ऐसा करो कि लकड़ी ऐसी पतली और लंबी काटो,जैसा मैं हूँ।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ? _ MAR-2019 , Mar - 2024**

उत्तर : लालिम और किंचा लालीदाम नामक दो दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे , इसलिए वे पशुओं से पूछ-ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।

**2. दोस्तों ने हाथी के साथ किसकी चर्चा कीं ?**

उत्तर : दोस्तों ने सबसे पहले हाथी मिलने गए। उन्होंने उससे मकान कैसे बनाए जाते हैं, इसके बारे में चर्चा कीं

**3. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात कीं ?**

उत्तर :दोस्तों ने सबसे पहले हाथी से मिले। फिर साँप से मिले | उसके बाद भैंस तथा मछली से मिलें |

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. भैंस के पंजर से दोस्तों को क्या जानकारी मिली ?**

उत्तर ::भैंस के पंजर से दोस्तों को यह जानकारी मिली कि, भैंस ने दोनों दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाते हुए कहा कि "जैसे भैंस के पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पड़ी हैं,उसी तरह चार मोटे गोले ज़मीन में गाड़कर उन पर पतली और लंबी लकड़ियों से चप्पर का पंजर बनाना है।"

**2. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया ?**

उत्तर :मछली ने दोस्तों के प्रश्न का इस प्रकार जवाब दिया कि,"आप लोग ज़रा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो। फिर पेड़ों से बहुत -सी पत्तियाँ तोड़ लो। इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो, जैसी मेरी पीठ

पर पट्टियाँ हैं।”

**VI. नीचे लिखे शब्दों के आधार पर लिखिए कि कौन क्या काम करता है ? -**

**उदा : बढ़ई लकड़ी का काम**

1. कुम्हार - **मिट्टी का काम**
2. लुहार - **लोहे का काम**
3. सुनार - **सोने का काम**
4. जुलाहा - **कपड़े बुनने का काम**
5. दूकानदार - **वस्तुओं को बेचने का काम**
6. हलवाई - **मिठाई बनाने का काम**
7. डॉंक्टर - **चिकित्सा देने का काम**
8. अध्यापक - **पढ़ाने का काम**

| **अनुरूपता प्रश्न** |
|---|
| **10.दुनिया में पहला मकान** |
| 1. हाथी : जंगली जानवर :: भैंस : **पालतू जानवर** |
| 2. मछली : पानी :: साँप : **उभयवासी** |
| 3.मछली : तैरना :: साँप : **रेंकना** |
| 4.मकान को छत : मछली को पीठ जैसी : : मकान के स्तम्भ : **हाथी के पाँव जैसी** _ **June _ 2023** |
| 5. हाथी : सूँड़ :: भैंस : **सींग** |

## 11. समय की पहचान – कविता [ श्री सियारामशरण गुप्त]

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता ?**

उत्तर : कवि के अनुसार मनुष्य को सुख समय को नष्ट करने से नहीं मिलता।

**2. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?_ June 2022 , March_ 2024 , March_2022**

उत्तर : बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है।

**3. सियारामशरण गुप्त जी के अनुसार / समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ? _ June _ 2018**

उत्तर :समय भगवान (ईश) का दिया हुआ अनुपम धन है।

**4. “समय की पहचान' कविता में / कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ? _ March_2018_**

उत्तर :कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं।

**5. समय के खोने से क्या होता है ?**

उत्तर :समय के खोने से पीछे सर्वथा पछताना पड़ेगा।

**6. ईश से दिया हुआ अनुपम धन क्या है ? _ June_2019**

उत्तर : ईश से दिया हुआ अनुपम धन समय है।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए : Jun -19 , Mar- 22 , Mar-24**

**1. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ? कवि के अनुसार मनुष्य सुख कैसे पा सकता है ?**

उत्तर : मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति तभी संभव है जब कि सुसमय पर जो भी कार्य करना है उसे उसी समय मन लगाकर करना है। समय को नष्ट नहीं करना है।

**2. समय का सदुपयोग/ महत्व/ कैसे करना चाहिए ? - JUN -18 , MAR- 18 , JUN -20 JUN- 23**

उत्तर : * समय भगवान का दिया हुआ अनुपम धन है।

* इसलिए आलस को छोड़कर, बिना किसी बहाने काम करना है।
* एक क्षण भी नष्ट नहीं करना है। तभी समय का सदुपयोग होगा।

**3. कविता के अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते हैं ?/ आशय स्पष्ट कीजिए। -Jun- 24**

उत्तर : * कविता की अंतिम चार पंक्तियों में कवि यह कहना चाहते हैं कि, जो काम करना है उसीमें चित्त लगाकर करना है।

* अपने आत्मा पर विश्वास करके संदेह को भगाना है। ऐसा सुसमय को खोने से फिर कभी वापस नहीं आता।
* यदि समय को खो जाते है तो पीछे पछताना पड़ेगा।

**4.' समय की पहचान , कविता का संक्षिप्त सारांश लिखिए। _ MARCH -2019**

उत्तर : * समय अनमोल है। यह ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है।

* समय रहते ही हमें अपने सारे काम पूरे कर लेने चाहिए।
* काम करने के लिए प्राप्त अवसर को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए।
* काम को टालना नहीं चाहिए।
* क्योंकि बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता।
* आलस्य नहीं करना चाहिए। *स्वयं पर विश्वास रखते हुए अपने काम को पूरी लगन से करना चाहिए।

**III. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**( सर्वथा, चक्रवर्ती, करो अभी, शुभ )**

1. जो करना है, **करो अभी,कल** हो क्या जाने ?
2. चाहो तुम क्यों नहीं **चक्रवर्ती** भी होके।
3. यही समय ही अहो तुम्हारा **शुभ** जीवन है।
4. खोकर पीछे इसे **सर्वथा** पछताओगे।

**V. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

**उदा : जाता - पाता**

1. बहाने - **जाने** 2. समता - **चिंता** 3. धन - **जीवन** 4. लगा दो - **भगा दो** 5.जानो - **मानो** 6

**VI. नीचे दिये गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :**

1. चकरवरती - **चक्रवर्ती** 2. चिता - **चिंता** 3. नश्ट - **नष्ट**
4. अलास - **आलस** 5. सरवथा - **सर्वथा** 6. सयम - **समय**

**VIII. अपने अपक की सहायता से इसे पूर्ण कीजिए :**

एक पहर = **तीन (3) घंटे**

एक दिन = **चौबीस (24) घंटे**

एक सप्ताह = **सात (7) दिन**

एक पक्ष = **पंद्रह (15) दिन**

एक मास = **तीस (30) दिन**

एक साल = **तीन सौ पैंसठ (365) दिन**

| **अनुरूपता प्रश्न** |
|---|
| **11.समय की पहचान** |
| 1. आलस : परिश्रम :: नष्ट : **लाभ** |
| 2. जानो : मानो :: लगा दो : **भगा दो** |
| 3. धन : निर्धन :: दिया : **लिया** |

## 12.रोबोट – कहानी [ डा. प्रदीप पुखोप्ध्याय ]

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. वर्षों से सक्सेना परिवार में कौन काम कर रहा था ?**

उत्तर : वर्षों से सक्सेना परिवार में साधोराम नामक नौकर काम कर रहा था।

**2. धीरज सक्सेना किस कार्यालय में जा पहुँचे ?**

उत्तर : धीरज सक्सेना ‘रोबोटोनिक्स कार्पोरेशन कार्यालय में जा पहुँचे।

**3. एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से क्या कर रहा था ?**

उत्तर : एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से दफ्तर का फर्श को साफ कर रहा था ?।

**4. रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई ? _ June _2023**

उत्तर : रोबोनिल की मुलाकात रोबोदीप से हुई।

**5. शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम लिखिए।**

उत्तर : शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम झबरू था।

**6. रोबोनिल और रोबोदीप किससे मिलने गए ?**

उत्तर : रोबोनिल और रोबोदीप 'रोबोटोनिक्स कार्पोरेशन' कंपनी के मालिक रोबोजीत से मिलने गए।

**7. वैज्ञानिक लेखक का नाम लिखिए।**

उत्तर : वैज्ञानिक लेखक का नाम आइज़क आसिमोव है।

**8. साधोराम कहाँ काम करता था? _ JUNE _ 2024**

उत्तर : साधोराम धीरज सक्सेना के घर में काम करता था।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. साधोराम को क्या हुआ था ?**

उत्तर : साधोराम सक्सेना परिवार में वर्षों से काम कर रहा था। अचानक एक दिन चलती बस से गिरकर उसे खतरनाक चोट आ गई। इसलिए उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

**2. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ? - June 2019 , June _2024**

उत्तर : धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत इसलिए थी किउसके नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रेसेसर पर उनका काम संभालने के लिए भी था।

**3. रोबोदीप ने रोबोनिल से क्या कहा ?**

उत्तर : रोबोदीप ने रोबोनिल से कहा कि,'जानते हो रोबोनिल, तुम्हारे आने से पहले सक्सेना परिवार में कौन काम करता था ? साधोराम नामक नौकर काम कर रहा था। एक बस दुर्घटना में घायल होकर किसी अस्पताल में है।'

**4. रोबोनिल ने रोबोदीप को क्या समझाने की कोशिश की ? - JUNE -2018**

**उत्तर:** रोबोनिल ने रोबोजीत को यह समझाने की कोशिश की कि, 'वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक आइज़क आसिमोव के रोबोटिकी के नियम के खिलाफ तो यह है ही कि कोई रोबोट किसी इंसान के नुकसान का करण बने, साथ-साथ मानवीय नज़रिये से भी यह गलत है कि हमारे कारण किसी भी इंसान की नौकरी को खतरा पहुँचे।

**5. कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल को क्या हुआ ?**

उत्तर : कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल की धात्विक और तारों भरे परिपंथवाली खोपड़ी में यकायक मानो नीली रोशनी हो गई। वह अगले दिन ही रोपोदीप के साथ रोबोटिक संघ से संपर्क साधने के बारे में सोचने लगा।

III. **पाँच-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए** :

1. **धीरज सक्सेना ने घरेलू कामकाज के लिए रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया** ? धीरज सक्सेना को **धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट को आवश्यकता क्यों थी ? _ Jun 2019 , Jun _2024**

उत्तर : * साधोराम नामक नौकर धीरज सक्सेना परिवार में वर्षों से काम कर रहा था।
* अचानक एक दिन चलती बस से गिरकर उसे खतरनाक चोट आ गई।
* उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सक्सेना परिवार बड़ा था
* बेटे-बेटियों,पोती-पोतों से घर में हमेशा रौनक और चहल-पहल बनी रहती।

* साधोराम के अस्पताल पहुँच जाने से सभी की तकलीफें बढ़ गई।
* धीरज सक्सेना से परिवारवालों का यह दुःख नहीं देखा गया।

इसलिए परिवार के मुखिया के नाते उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए रोबोट रखने का निर्णय लिया।

**2. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : रोबोनिल धीरज सक्सेना के घर में काम करनेवाला रोबोट था। वह रोज़ शाम को शेरू को टहलाने के लिए ले जाता था। ऐसे में एक दिन उसकी मुलाकात रोबोदीप से हो गई। रोबोदीप उसी मोहल्ले में रहनेवाले शर्मा परिवार के कुत्ते झबरू को घुमाने आया करता था। दोनों रोबोटों के बीच दोस्ती हुई।

**3. विज्ञान कथा का सार लिखिए।**

उत्तर : रोबोनिल को धीरज सक्सेना ने एक विज्ञान कथा वर्ड प्रोसेसर पर टाइप करने के लिए दी। कथा संक्षेप में इस प्रकार थी-एक घर में नौकर को,जो किसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित था, निकालकर उसकी जगह पर एक रोबोट को रख दिया जाता है। किसी तरह रोबोट को इस बात की जानकारी मिल जाती है तो वह 'रोबोटिक संघ' से संपर्क साधकर संघ को सारी बातों से अवगत कराता है। संघ रोबोटों की हड़ताल की घोषणा कर देता है। अंततः समझौता इस बात पर होता है कि उस नौकर को घर में फिर से रख लिया जाएगा।

**4. रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल क्यों मच गई** ?

उत्तर :धीरज सक्सेना साधोराम नामक नौकर निकालकर रोबोट को रख देने की बात जब रोबोटिक संघ के अध्यक्ष को मालूम हुई तो उन्होंने कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में तय हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटों की हद्अताल का आह्वान कर दिया जाएगा। इस आह्वान से रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल मच गई। उन्होंने रोबोजीत पर सक्सेना परिवार के साथ हुए अनुबंध को तुरंत रद्द कर देने का दबाव डाला। रोबोजीत अकेला पद्अ गया। मजबूरन उसे धीरज सक्सेना के साथ अपने अनुबंध को तुरंत रद्द करके रोबोनिल को वापस बुलाने की बात माननी पड़ी।

**5. रोबोटिक संघ ने साधोराम की समस्या का समाधान कैसे निकाला ? _ March 2024**

उत्तर : समस्या के समाधान के लिए रोबोटिक संघ के अध्यक्ष ने संघ की कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में तय हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटों की हड़ताल का आह्वान कर दिया जाए। उन्होंने तुरंत रोबोजीत पर सक्सेना परिवार के साथ हुए अनुबंध को तुरंत रद्द करने का दबाव डाला। मजबूरन रोबोजीत को अनुबंध रद्द करके रोबोनिल को वापिस बुलाना पड़ा। बदले हुए हालात में मजबूर होकर धीरज सक्सेना को साधोराम को नौकरी पर रखने का निर्णय लेना पड़ा।

**6. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर बहुत खुश था। क्यों ? विवरण दीजिए। - MARCH 2019**

**रोबोनिल के कार्यों का विवरण दीजिए। -JUNE 2020**

**रोबोनिल क्या-क्या काम करता था ? - March2018**

उत्तर : रोबोनिल उनके परिवार के सभी लोगों का काम करता था। वह सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के लिए द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाने, उनके होमवर्क कराने, सक्सेना जी के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा शाम को परिवार के कुत्ते को घुमाने भी ले जाने का काम करता था।

| अनुरूपता प्रश्न |
| --- |
| **12.रोबोट** |
| 1. शेरू को टहलाना : रोबोनिल :: झबरू को घुमाना : **रोबोदीप** |
| 2. मुखिया : धीरज सक्सेना :: सेवक : **साधोराम** |
| 3. टस से मस न होना : अटल रहना : फूले न समाना : **बहुत खुश होना** |
| 4. जीवन : मरण :: खोना : **पाना** |
| 5. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : शर्मा परिवार का रोबोट : **रोबोदीप _ June_ 2018** |
| 6. मेरा बचपन : आत्मकथा : : रोबोट : **कहानी ____ JUNE_ 2019** |

## 13. महिला की साहस गाथा -व्यक्ति परिचय [ संकलित ]

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. बिछेंद्री पाल को कौन-सा गौरव प्राप्त हुआ है ?**

उत्तर : बिछेंद्री पाल को एवरेस्ट की चोटी पर चढ़नेवाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**2. बिछेंद्री के माता-पिता कौन थे ?**

उत्तर : बिछेंद्री के पिता किशनपाल सिंह और माता हंसादेई नेगी थे।

**3. `बिछेंद्री ने क्या निश्चय किया ?**

उत्तर : बिछेंद्री ने निश्चय किया कि वे भी वहीं करेंगी जो उनका भाई करते हैं।

**4. बिछेंद्री ने किस ग्लेशियर पर चढ़ाई की ?**

उत्तर : बिछेंद्री ने 'गंगोत्री ग्लेशियर' पर चढ़ाई की।

**5. सन 1983 में दिल्ली में कौन-सा सम्मेलन हुआ था ?**

उत्तर : सन **1983** में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों का सम्मेलन हुआ था।

**6. एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ कौन थे ?**

उत्तर : एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ अंग दोरजी थे।

**7. कर्नल का नाम क्या था ? _ March_2018**

उत्तर : कर्नल का नाम खुल्लर था।

**8. ल्हाटू कौन-सी रस्सी लाया था ?**

उत्तर : ल्हाटू नायलान की रस्सी लाया था।

**9. बिछेंद्री ने थैले से कौन-सा चित्र निकाला ?**

उत्तर : बिछेंद्री ने थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला।

**10. कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा ? _ June _ 2018**

उत्तर : कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से कहा "देश को तुम पर गर्व है।"

**11. मेजर का नाम क्या था ?**

उत्तर : मेजर का नाम कुमार था।

**एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी? _ March_ 2018**

उत्तर : एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बिछेंद्री पाल थी।

**12. बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने कौन-सा पदक देकर सम्मान किया ?**

उत्तर : बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने प्रतिष्ठित स्वर्ण-पदक पदक तथा अन्य सम्मन और पुरस्कार प्रदान किया।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. बिछेंद्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए।**

उत्तर : बिछेंद्री पाल का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। पिता किशनपाल सिंह और माँ हँसादेई नेगी की पाँच संतानों में बिछेंद्री तीसरी संतान हैं। बिचेंद्री के बड़्ए भाई को पहाड़ों पर जाना अच्छा लगता था।

**2. बिछेंद्री का बचपन कैसे बीता ? - March 2018 , March 2022**

उत्तर : * बिछेंद्री को बचपन में रोज़ पाँच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाना पड़्अता था। बाद म पर्वतारोहण-प्रशिक्षण के दौरान उनका कठोर परिश्रम बहुत काम आया।

* सिलाई का काम सीख लिया और सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाने लगी।

**3. बिछेंद्री ने पर्वतारोहण के लिए किन-किन चीज़ों का उपयोग किया ?**

उत्तर : * बिछेंद्री ने पर्वतारोहण में बर्फ को काटने के लिए फावड़े का इस्तेमाल करना पड़ा। * ऊपर चढ़ने के लिए नायलान की रस्सी का उपयोग किया गया।

* चार लीटर ऑक्सीजन की अपेक्षा लगभग ढाई लीटर ऑक्सीजन प्रति मिनट की दर से लेकर ऊपर चढ़ने लगीं।

**4. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया ? - Jun -19 , Jun- 22, Mar - 22, Mar - 23**

उत्तर : * अपने घुटनों के बल बैठी।
* बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे के ताज का चुंबन किया।
* थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकालकर अपने साथ लाये लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके बर्फ में दबा दिया।

III. **चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए** :

**1. बिछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की** ?_ **March 2022**

उत्तर : * बचेन्द्री ने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लिया।
* उन्होंने कालानाग, गंगोत्री ग्लेशियय और रूड गेरो पर्वतों की चढ़ाई की, जिससे उनमें आत्मविश्वास और बढ़ गया।
* अगस्त 1983 में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों के सम्मेलन में पहली बार तेनसिंग नोगें और जुंके ताबी से मिली और उनसे प्रभावित हुई।

**2. दक्षिणी शिखर के वातावरण / बिछेंद्री के अनुभव का वर्णन बचेंद्री कैसे करती हैं ? -Mar - 24**

उत्तर : * दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी।
* उस ऊँचाई पर तेज हवा के झेंके भुरभुरे बर्फ के कणों को चारों तरफ उड़ा रहे थे।
* जिनसे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। थोड़ी दूर तक कोई ऊँची चढ़ाई नहीं थी।
* ढलान एकदम सीधी नीची चली गई थी।

**3. प्रस्तुत पाठ से क्या संदेश मिलता है ?/'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है?**

**_ JUNE -2018 , MARCH -2019 , JUNE -2024**

उत्तर : * महिलाएँ भी साहस में पुरुषों से कम नहीं हैं।
* साहस गुण, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना आदि आदर्श गुण सीखते हैं।
* बचेन्द्री पाल से प्रेरणा पाकर छात्र साहसी भाव अपना लेते हैं।

**V. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द दिये गये हैं, ढूँढकर लिखिए :**

**उदा : जो पढ़ा लिखा न हो – अनपढ़**

1. जहाँ पहुँचा न जा सके – **दुर्गम**
2. मास में एक बार आनेवाला – **मासिक**
3. जो कभी न मरे – **अमर**
4. अच्छे चरित्रवाला – **सच्चरित्र**
5. जो आँखों के सामने हो – **प्रत्यक्ष**
6. जो स्थिर रहे – **स्थाई**
7. जिसे क्षमा न किया जा सके – **अक्षम्य**
8. जो वन में घूमता हो – **वनचर**

9. जिसका संबंध पश्चिम से हो – **पाश्चात्य** 10. जो उपकार मानता हो – **क्रुतज्ञ**

| **अनुरूपता प्रश्न** |
|---|
| **13.महिला की साहसगाथा** |
| 1. पहाड़ : गिरि :: चोटी : **शिखर** |
| 2. कालानाग : पर्वत :: गंगोत्री : **ग्लेशियर शिखर** |
| 3. कर्नल : खुल्लर :: मेजर : **कुमार** |
| 4. चाय : गरम :: बर्फ : **ठंडा** |
| **5.** तेनजिंग नोगे : एवरेस्ट पर चढ़ने वाला प्रथम पुरुष : :जुंके ताबी : **एवरेस्ट पर चढ़ने वाला प्रथम महिला** **_MARCH_ 2018** |
| 6. कालानाग : पर्वत : : गंगोत्री **: ग्लेशियर** _ **MARCH_ 2020** |

## 14. सूर श्याम - पद [ सूरदास ]

**1. एक वाक्य में उत्तर लिखिए।**

**1. सूर-श्याम पद के रचयिता कौन हैं?**

उत्तर : सूर – श्याम पद के रचयिता श्री सूरदास जी हैं।

**2. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है?**

उत्तर : कृष्ण की शिकायत बलराम के प्रति है।

**3. यशोदा और नंद का रंग कैसा था?**

उत्तर : यशोदा और नंद का रंग गोरा था।

**4. चुटकी दे-देकर हँसनेवाले कौन थे?**

उत्तर : चुटकी दे-देकर हँसनेवाले ग्वाल बच्चे थे।

**5. यशोदा किसकी कसम खाती है।**

उत्तर : यशोदा गोधन की कसम खाती है।

**6. बालकृष्ण किससे शिकायत करता है ?**

उत्तर : बालकृष्ण यशोदा से शिकायत करता है।

**7. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?**

उत्तर : बलराम के अनुसार बालकृष्ण को मोल लिया गया है।

**8. बालकृष्ण का रंग कैसा था ? _June _ 2018**

उत्तर : बालकृष्ण का रंग श्याम(काला) था।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1.कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ? / कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ?**

**June 2018 - March2016**

उत्तर : * बलराम कृष्ण को सदा चिढ़ाता रहता है कि कृष्ण यशोदा और नंद का बेटा नहीं है।
* यशोदा ने उसे जन्म नहीं दिया है।
* उसे मोल लिया गया है।
* इसी गुस्से के कारण कृष्ण बलराम के साथ खेलने नहीं जाना चाहता। इसलिए नाराज है।

**2. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है?- Jun -19 March -19 , March -23**

उत्तर : बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में इस प्रकार कहता है कि यशोदा ने उसे जन्म नहीं दिया है। उसे मोल लिया गया है। यशोदा और नंद गोरे हैं। लेकिन कृष्ण का रंग काला है।

**3. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है?**

उत्तर : कृष्ण अपनी माता से इसलिए नाराज़ है क्योंकि यशोदा सदा कृष्ण को ही मारना सीखी थे। बलराम पर कभी गुस्सा भी नहीं करती थी। इसलिए कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति नाराज़ है।

**4. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ? Jun -17 , Jun- 23, Jun-24 Mar 24**

उत्तर : बालकृष्ण अपनी माता से इस प्रकार शिकायत करता है कि भाई मुझे बहुत चिढ़ाता है। वह मुझसे कहता है कि तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है। इसी गुस्से के कारण उसके साथ खेलने नहीं जाता।

**5. यशोदा कृष्ण के क्रोध / नाराज़गी को कैसे शांत करती है? JUN -15 Jun -16 , Mar-18 , Mar -22**

**Mar-17**

उत्तर : यशोदा कृष्ण के क्रोध को इस प्रकार शांत करती है कि हे कृष्ण! सुनो। बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।

**6. यशोदा क्यों खुश हो जाती थी ?- March _ 2015**

उत्तर : कृष्ण! सुनो। बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो। यह सुनने के बाद कृष्ण शांत होजाता है इसलिए यशोदा खुश हो जाती थी।

| अनुरूपता प्रश्न |
|---|
| **14.सूर – श्याम** |
| **1.** बलभद्र **:** बलराम **::** कान्ह **: कृष्ण** |
| **2.** जसोदा **:** माता **::** नंद **: पिता** |
| **3.** रीझना **:** मोहित होना **::** खिझाना **: चिढ़ाना** |
| **4.** बलबीर बलराम **::** जसोदा **: यशोदर** |
| 5. गोरा रंग: यशोदा : : काला रंग : **कृष्ण _March_2016** |
| 6. तुलसीदास : रामभकत कवि : : सूरदास : **कृष्णभक्त कवि - JUNE_2016** |
| 7. बालकृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग **: गोरा _ June_2019 , June_ 2023** |
| 8. भोला_ भाला : बालकृष्ण :: चुगलकोर **: बलराम _ JUNE_ 2020 , MARCH_2020 , MARCH_ 2022** |
| 9. चुगलखोर : बलराम : : भोला-भाला : **कृष्ण _ June_ 2022** |
| 10. कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम : : कृष्ण को मनाने वाली : **यशोधा _June_2022** |
| 11. भोलापन : बालकृष्ण : : वात्सल्य : **यशोधा _ March _ 2023 , March_ 2024** |
| 12.बलभद्र : बलराम : : जसोदा : **यशोदा** |

## 15. कर्नाटक संपदा – निबंध [ संकलित ]

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. पश्चिमी घाट किसे कहते हैं ?**

उत्तर : कर्नाटक के पश्चिम प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।

**2. कर्नाटक में कौन-कौन से जलप्रपात हैं** ?

उत्तर :कर्नाटक में जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं।

**3. श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई कितनी है** ?

उत्तर :श्रवणबेलगोल की गोमतेश्वर मूर्ति की ऊँचाई ५७ फुट है।

**4. किस नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है** ?

उत्तर :बेंगलूर नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है।

**5. भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम लिखिए** ?

उत्तर :भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम कागज़,लोहे और इस्पात हैं।

**6. सेंट फिलिमिना चर्च किस नगर में है** ?

उत्तर :सेंट फिलोमिना चर्च मैसूर नगर में है।

**7. बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान कौन सा है** ?

उत्तर : बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान गोलगुंबज़ के व्हिस्परिंग गैलरी है।

**8. अरबी समुद्र कर्नाटक की किस दिशा में है** ?

उत्तर :अरबी समुद्र कर्नाटक की पश्चिम दिशा में है।

**9. कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौन सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं** ?

उत्तर : कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

**10. कर्नाटक को ''चंदन का आगार!' क्यों कहते हैं ?_ March _2016 , June _2015**

उत्तर :कर्नाटक में विपुल मात्र में चंदन के पेड़ है इसलिए कर्नाटक को ''चंदन का आगार!' कहते हैं।

II. **दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए** :

**1. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन से हैं** ?

उत्तर : कर्नाटक में कावेरी,कृष्णा,तुंगभद्रा आदि नदियाँ बहती हैं , यहाँ जोग,अब्बी,गोकाक,शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं।

**2. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है** ?

उत्तर:कर्नाटककेकुवेम्पु,द.रा.बेन्द्रे,शिवरामकारंत,मास्तिवेंकटेशअय्यंगार,वि.कृ.गोकाक,यू.आर.अनंतमूर्ति,गिरीश कार्नाड,चंद्रशेकर कंबार आदि आधुनिक काल के **आठ साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार से** अलंकृत किया गया है। यह कन्नड भाषा,संस्कृति तथा कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है।

**3. बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?**

उत्तर:कर्नाटक में कावेरी,कृष्णा,तुंगभद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं। इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं।इनसे हज़ारों एकड़ जमीन सींची जाती है। इसके अलावा इन नदियों के जलाशयों की सहायता से ऊर्जा-उत्पादन केंद्र भी स्थापित किये गये हैं।

**4. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए।**

उत्तर:कर्नाटक के प्रमुख राजवंश गंग,कदंब,राष्ट्रकूट,चालुक्य,होयसल,ओडेयर आदि हैं। कृष्णदेवराय,

मदकरिनायक,रानी अब्बक्का देवी,कित्तूर चेन्नम्मा,टिप्पू सुल्तान,आदिलशाह जैसे शासकों ने कर्नाटक राज्य की श्रीवृद्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं।

**5. बेंगलूर में कौन-कौन सी बृहत संस्थाएँ हैं ?**

उत्तर:बेंगलूर शिक्षा का ही नहीं,बल्कि बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का भी केंद्र है। यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान ,एच.ए.एल.,एच.एम.टी .,आइ.टी.आइ.,बी.एच .ई.एल.बी.ई.एल. जैसी बृहत संस्थाएँ हैं।

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए। _ March 2023, - March 2015 ,**

**कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए | - June_2019,**

उत्तर: * प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है।

* कर्नाटक की प्रकृतिक सुषमा नयन मनोहर है।
* पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है।
* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।
* इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण मे नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

**2. कर्नाटक की वास्तु कला और शिल्पकला का परिचय दीजिए।**

**- Jun- 22, Jun -23 Jun -24 ,Mar-17 Jun_18, Mar_18, Jue_19**

उत्तर: * कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है।

* बादामी, ऐहोले, पड्टदकल्लु, बेलूरू, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिर के पत्थर की मूर्तियाँ सजीब लगती हैं।
* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है।
* विजयपुरा के गोलगुंबज की व्हिस्पर‍िंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है।
* मैसूरू का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।
* प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च और पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है।

**3. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है?**

**- MAR- 24, JUN-20, Jun_18 , Mar_18**

उत्तर:कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी हैं। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। अक्कमहादेवी,अल्लमप्रभु,सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल"वचनों" व्दारा प्रेम,दया

और धर्म की सीख दी है। पुरंदरदास,कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति,नीति,सदाचार के गीत गाये हैं। पंप,रन्न,पोन्न,कुमारव्यास,हरिहर,राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।

| **अनुरूपता प्रश्न** |
|---|
| **15.कर्नाटक संपदा** |
| 1.दक्षिण से उत्तर के छोर की पर्वतमाला: पश्चिमी घाट :: दक्षिण की पर्वतमालाएँ **: नीलगिरि** |
| 2. कर्नाटक : चंदन का आगार :; बेंगलूर : **सिलिकान सिटी** |
| 3. सी.वी.रामन : नोबेल पुरस्कृत :: स.एम.विश्वेश्वरय्या : **भारतरत्न** |
| 4. भद्रावती : लोहे और इस्पात :: मैसूर : **चंदन** |
| 5. कावेरी : नदी :: जोग : **जलप्रपात** |
| 6. बेलूर : शिल्पकला :: गोलगुंबज़ : **वास्तुकला** |
| 7. सेंट फिलोमिना : चर्च :: जगनमोहन राजमहल : **पुरातत्व वस्तु संग्रहालय** |
| 8. क्रुष्णदेवराय : शासक :: राष्ट्रकूट : **राजवंश** |
| 9.बिजापुर का गोल गुंबज : वास्तुकला : : बेलूर हलेबीडू की मूर्तियाँ : **शिल्पकला _ Mar-2016** |
| 10.आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल : : व्हिस्परिंग गैलरी : **गोलगुबाज Mar- 2016 , June_ 17** |
| 11.कावेरी : नदी : : जोग : **जलप्रपात _ march_ 2022** |
| 11.कावेरी : नदी : : जोग : **जलप्रपात _ march_ 2022** |
| 12.कर्नाटक के पश्चिम में : अरबी समुद्र : : कर्नाटक के दक्षिण में : **नीलगिरि पर्वतावलियाँ- March -2024** |

## 16. बाल शक्ति – जगत राम आर्य [ लघु नाटिका

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. कौन-कौन कंचे खेल रहे थे ?**

उत्तर **:** रामू और श्यामू कंचे खेल रहे थे।

**2. खेल में कौन सदा बेईमानी करता है ?**

उत्तर **:** खेल में रामू सदा बेईमानी करता है।

**3. रामू को स्कूल जाने के लिए कौन कहता है ?**

उत्तर **:** रामू को स्कूल जाने के लिए मोहन कहता है।

**4. रामू ने किस विषय का गृह-कार्य नहीं किया था ?**

उत्तर **:** रामू ने गणित विषय का गृह-कार्य नहीं किया था।

**5. हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ? _June_2019**

उत्तर : हमें बारह साल से नीचे के उम्र में अच्छी आदतें डालनी है।

उत्तर : हमें बारह साल से नीचे की उम्र में अच्छी आदतें डालनी है।

**6. रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी किसने ली ?**

उत्तर : रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी संजय ने ली।

**7. टोली का मुखिया कौन बना ?**

उत्तर : टोली का मुखिया मोहन बना।

**8. बच्चों की तारीफ किसने की ?**

उत्तर : बच्चों की तारीफ जिले के कलेक्टर ने की।

**9. बाल -शक्ति के बच्चे गाँव की गंदगी को कैसे दूर करते है ? _ June_ 2024**

उत्तर : बाल -शक्ति के बच्चे गाँव की गंदगी को सभी मिलके सफाई करने द्वारा दूर करते है।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. रामू में कौन-कौन-सी बुरी आदतें थीं ?**

उत्तर : रामू सदा कंचे खेलता था ।खेल में बेईमानी करता था। जिस दिन स्कूल का कार्य नहीं करता,उस दिन स्क्ल्लोअ से छुट्टी कर लेता था।

**2. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ?**

**बालशक्ति' ने कौन-कौन से कार्य करने का निश्चय किया ? _ March 2024**

उत्तर : * पहले उन साथियों पर ध्यान देंगे जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आते और पढ़ाई से जी चुराते हैं।

* स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखना।
* रोज एक घंटा गाँव की गंदगी को दूर करके गाँव में सफाई लाना।
* गाँव में जो गड्डे हैं, उनको मिट्टी से ढाँपना।
* गाँव का कूड़ा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाना।
* गाँव के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाकर गाँव को हरा-भरा रखना।

**3.गाँव को आदर्श कैसे बनाया जा सकता है ? आप गाँव को "आदर्श गाँव' कैसे बना सकते हैं ?**

**- Apri -2019 , June 2023**

उत्तर : * गाँव की गंदगी दूर रखने के लिए गाँव के चारों ओर पेड़ लगाना चाहिए।

* गाँव का कूड़ा एक निश्चित जगह पर डालना ।परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना।
इन आंशों द्वारा गाँव "आदर्श गाँव" बन सकता है।

**4. कलेक्टर साहब ने बच्चों / बालशक्ति की बड़ाई / तारीफ कैसे कैसे की ?** **- JUNE -2020**

उत्तर : कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में कहा कि,इस गाँव को साफ-सुथरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है। गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया गया है। इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ूई है। इन सबने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है। बाल-शक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है।

**5. पाँच हज़ार रुपये मिलने पर मोहन क्या सोचता है ?**

उत्तर : पाँच हज़ार रुपये मिलने पर मोहन इस प्रकार सोचता है कि,ये रुपये प्रधानाध्यापक जी को दे देंगे। स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए पुस्तकों का प्रबंध करेंगे।

**IV. खाली जगह भरिए :**

1. रामू और श्यामू **कंचे** खेल रहे थे।
2. **गणित** की कापी घर पर भूल आया हूँ।
3. अभी से अच्छी **आदतें** डालनी चाहिए।
4. **रामू** की गंदी आदतें छुड़वाएँगे।
5. रोज़ एक घंटा गाँव की **सफाई** में लगाएँगे।
6. कूड़ा डालने के लिए एक **निश्चित** जगह बनाएँगे।
7. आपका गाँव एक **आदर्श** गाँव बन गया है।

## 17. कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती कविता [ सोहनलाल द्विवेदी ]

**II. कविता की पंक्तियों को कंठस्थ करके लिखिए।**

**असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,**
**क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।**
**जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,**
**संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।**

## 1.शनि: सबसे सुंदर ग्रह

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए।**

**1. सौर-मंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है ?**

उत्तर : सौर-मंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति है।

**2. सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?**

उत्तर :सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान दूसरा है।

**3. पृथ्वी और सूर्य में कितना फासला है ?**

उत्तर : **पृथ्वी और सूर्य में 15 करोड़ कि. मी फासला है।**

**4. शनि किसका पुत्र है ?**

उत्तर :शनि सूर्य का पुत्र है।

**5. “शनै:चर”का अर्थ क्या है ?**

उत्तर “धीमी गति से चलनेवाला” है।

**6. सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को कितना समय लगता है ?**

उत्तर : सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को करीब तीस साल का समय लगता है।

**7. शनि एक राशि में कितने सालों तक रहता है ?**

उत्तर :शनि एक राशि में करीब ढाई सालों तक रहता है।

**8. बहुत कम सूर्यताप किस ग्रह पर होता है ?**

उत्तर :बहुत कम सूर्यताप शनि ग्रह पर होता है।

**9. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?**

उत्तर :शनि का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है।

**10. सौर-मंडल का सबसे बड़ा उपग्रह कौन-सा है ?**

उत्तर : सौर-मंडल का सबसे बड़ा उपग्रह गैनीमीड है।

**11. शनी एक अत्यंत ठंडा ग्रह है। कैसे ? _ MARCH -2017 , MARCH -2022 , MARCH 2024**

उत्तर : * शनि ग्रह, सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा दस गुना अधिक दूर है।

* बहुत कम सूर्यताप पहुँचने से शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 50" सेंटीग्रेड के आसपास रहता है। इसलिए शनी एक अत्यंत ठंडा ग्रहह है।

**12. शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?_ April – 2018 , March 2023 , June -2024**

उत्तर : हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और एमोनिया गैसों से बना है।

**13. सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ? _ April – 2018 , March -2023**

उत्तर : सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह को कक्षा है। शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है।

**14. शनि का उपग्रह 'टाइटन' के बारे में आप क्या जानते हैं ?_ April – 2019**

उत्तर : 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा चंद्र ( उपग्रह ) है। यह हमारे चंद्र से भी काफी बड़ा है। यह बड़ा महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है। इसकी सतह पर अंतरिक्ष यान उतारा जा सकता है।

**15. शनि एक सुंदर ग्रह है। कैसे ?/ शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ? _ April – 2019 ,July -2022 , March -2022 , June 2022**

उत्तर : * शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह कहा जाता है। इसके चारों ओर सुंदर वलय दिखाई देते हैं।

* प्रकृति ने शनि के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं।

* यह सौरमंडल का अत्यंत सुंदर और मनोहर ग्रह है।

**16. "शनैःचर' का अर्थ क्या है ?- April – 2019 , June -2023**

उत्तर: धीमी गति से चलनेवाला। आकाश के गोल पर शनि ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है। यह करीब तीस वर्षों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है।

**17. टाइटन का परिचय दीजिए। _ July-2022 , June -2022 , March -2024**

उत्तर: शनि का सबसे बड़ा चन्द्र टाइटन सौर मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है। टाइटन हमारे चन्द्र से भी काफी बड़ा है। इसका व्यास लगभग 5150 किलोमीटर है।

## 2.सत्य की महिमा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**1. "सत्य'' क्या होता है? उसका रूप / स्वरूप कैसे होता है? -APR -20 , MAR-22 , JUN -23**

उत्तर : * सत्य बहुत ही भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है।

* सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है। ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा को वाणी है।

* जो कुछ भी आँखों से देखा, उसे बिना नमक-मिर्च लगाए बोलना ही सत्य है।

**झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है?/ झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ? झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ? _APR- 2018 , MAR – 17 , JUL-22, JUN-23**

उत्तर : * अपमानित होना पड़ता है।

* व्यक्ति के विकास मार्ग में बाधक होता है।
* व्यक्तित्व कुंठित होता है। लोगों का उस पर से विश्वास उठ जाता है।
* उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं।

**3. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है?_** **JUL- 22 , MAR -2022 , MAR -2024**

उत्तर : शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका इस प्रकार समझाया गया है- "सत्यं ब्रूयात, प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात सत्यमप्रियम" अर्थात, "सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।"

**4. "संसार के महान व्यक्तियों ने सत्य का सहारा लिया है"-सोदाहरण समझाइए।**

उत्तर :संसार में जितने महान व्यक्ति हुए, सबने सत्य का सहारा लिया है। सत्य का पालन किया है। राजा हरिश्चन्द्र की सत्यनिष्ठा विश्वविख्यात है। उन्हें सत्य के मार्ग पर चलते अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी कीर्ति आज भी सूरज की रोशनी से कम प्रकाशमान नहीं है। राजा दशरथ ने सत्यवचन निभाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए। महात्मा
गाँधी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया।

**7. हर स्थिति में सत्य बोलने का अभ्यास क्यों करना चाहिए?**

उत्तर :सत्य वह चिनगारी है जिससे असत्य पल भर में भस्म हो जाता है। अतः हमें हर स्थिति में सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए।

**सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?_ April – 2019, June -2023**

उत्तर : गाँधीजी का कथन है - "सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।"

**सत्य के बारे में जॉन मेन्सफील्ड की धारणा क्या है ?_ March- 2023**

* सत्य की नाव से ही हम भवसागर का संतरण कर सकते हैं।
* सत्य वह चिनगारी है, जिससे असत्य पल भर में भस्म हो जाता है।

## 3.नागरिक के कर्तव्य

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**1. मीना मैडम ने कितने दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था ?**

उत्तर :मीना मैडम ने **15** दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था।

**2. संभाषण का विषय क्या था?**

उत्तर :संभाषण का विषय 'नागरिकों के मूल कर्तव्य' था।

**3. अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?**

उत्तर :अकुल ने मीना मैडम से कहा ,एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज,राष्ट्रगान,राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए|

**4. सलमा ने क्या कहा ? पर्यावरण के बारे में सलमा ने क्या कहा ? - March -2024**

उत्तर : * प्रकृति हमारी माता है, इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय नहीं करना चाहिए।
* अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है।

**5. अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?**

